दैनिक भास्कर

बुरहानपुर 02-12-2024

# नेपा लिमिटेड में अग्निशमन पर प्रशिक्षण सह मॉक ड्रिल हुई

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा हैं। इसी के चलते यहां पर सुरक्षा को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में नेपा लिमिटेड के औद्योगिक संरक्षा और अग्नि व सुरक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अग्निशमन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेपा मिल अग्निशमन के प्रभारी उदेश न्कुल, अग्नि और सुरक्षा विभाग के संतोष दुबे, विवेक वर्मा ने अग्निकांड की घटना होने पर उसे कैसे रोकना है विषय पर मिल के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। संवादात्मक शैली में वो तरीके बताए गए जिससे कि आग पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। तकनीकी प्रशिक्षण देकर मिल कर्मचारियों को आग से बचाव की जानकारी दी गई। डेमो देकर फायर ऑफिसर विवेक वर्मा ने दिखाया और समझाया कि आग लगने पर उन्हें क्या करना है। किस तरह आग पर नियंत्रण किया जा सकता है। साथ ही आग से बचाव के तरीके बताए गए। आग लगने पर किन वस्तुओं का उपयोग किया जा सकता है। इस बात की तकनीकी जानकारी दी गई। विस्तारपूर्वक समझाया गया कि आग लगने पर घबराना नहीं है।



नेपा मिल में मॉक ड्रिल आयोजित हुई।

आग से बचाव के लिए की गई मॉकड्रिल फायर टीम के जवानों ने लोगों को फायर सेफ्टी सिलेंडर का इस्तेमाल करना सिखाया। उन्हें डेमो देकर बताया किस तरह सिलेंडर को आग बुझाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। फायर सेफ्टी सिलेंडर न होने की स्थिति में पानी और बालू मिट्टी जैसी वस्तुओं का भी प्रयोग आग बुझाने के लिए किया जा सकता है। प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी ने अग्नि रोधी यंत्रों के सही इस्तेमाल करने की विधि सिखाने के लिए औद्योगिक संरक्षा विभाग के सहायक प्रबंधक प्रशांत सोनी, अग्निशमन विभाग के प्रभारी उदेश न्कुल की टीम की सराहना की। संदीप ठाकरे ने बताया कि हर साल नेपा लिमिटेड में भोपाल गैस त्रासदी की स्मृति में औद्योगिक संरक्षा विभाग के तत्वावधान में औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। सप्ताह भर की गतिविधियों का 3 दिसंबर को समापन किया जाता है। इस वर्ष भी समापन सत्र में वर्ष 1984 में घटित विश्व की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी भोपाल गैस कांड में असमय काल के गाल में समाएं हजारों मृतकों को नेपा लिमिटेड परिवार द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसी दिन औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मिल परिसर में सीएमडी चोखानी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## ड्रिल में यह लोग रहे मौजूद

मॉकड्रिल कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, प्रबंधक पेपर मशीन अरविंद कुमार त्यागी, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक मैकेनिकल एसपी मोहंती, उप प्रबंधक मैकेनिकल, पिंटू कुमार, उप प्रबंधक देवेंद्र महोबे, उप प्रबंधक मैकेनिकल सुनील कुलथे, उप प्रबंधक मैकेनिकल विजेंद्र चौधरी, गजानन यादव, डीपी मिश्रा, जेपी शर्मा, अनीस मंसूरी मौजूद रहे।

# नेपामिल में आगजनी होने पर कैसे पाया जाएगा काबू, की मॉकड्रिल



मॉक ड्रिल करते हुए।

नेपानगर ■ राज न्यूज नेटवर्क

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में गत 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी के चलते यहां पर सुरक्षा को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में नेपा लिमिटेड के औद्योगिक संरक्षा और अग्नि एवं सुरक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अग्निशमन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नेपा मिल अग्निशमन केंद्र के प्रभारी उदेश नकुल तथा अग्नि और सुरक्षा विभाग के संतोष दुबे और विवेक वर्मा ने अग्निकांड की घटना होने पर उसे कैसे रोकना है इस विषय पर मिल के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। संवादात्मक शैली में वो तरीके बताए गए जिससे कि आग पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। तकनीकी प्रशिक्षण देकर मिल कर्मचारियों को आग से बचाव की जानकारी दी गई। डेमो देकर फायर ऑफिसर विवेक वर्मा ने दिखाया और समझाया कि आग लगने पर उन्हें क्या करना है। किस तरह आग पर नियंत्रण किया जा सकता है। साथ ही आग से बचाव के तरीके बताए गए। आग लगने पर किन वस्तुओं का उपयोग किया जा सकता है।

इस बात की तकनीकी जानकारी दी गई। विस्तारपूर्वक समझाया गया कि आग लगने पर घबराना नहीं है।आग से बचाव के लिए की गई मॉकड्रिल फायर टीम के जवानों ने लोगों को फायर सेफ्टी सिलेंडर का इस्तेमाल करना सिखाया। उन्हें डेमो देकर बताया किस तरह सिलेंडर को आग बुझाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। फायर सेफ्टी सिलेंडर न होने की स्थिति में पानी और बालू मिट्टी जैसी वस्तुओं का भी प्रयोग आग बुझाने के लिए किया जा सकता है। प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने अग्नि रोधी यंत्रों के सही इस्तेमाल करने की विधि सिखाने के लिए औद्योगिक संरक्षा विभाग के सहायक प्रबंधक प्रशांत सोनी तथा अग्निशमन विभाग के प्रभारी उदेश नकुल की टीम का अभिनंदन किया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि प्रतिवर्ष नेपा लिमिटेड में भोपाल गैस त्रासदी की स्मृति में औद्योगिक संरक्षा विभाग के तत्वावधान में औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है और सप्ताह भर की गतिविधियों का 3 दिसंबर को समापन किया जाता है।

इस वर्ष भी समापन सत्र में वर्ष 1984 में घटित विश्व की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी भोपाल गैस कांड में असमय काल के गाल में समाएं हजारों मृतकों को नेपा लिमिटेड परिवार द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसी दिन औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मिल परिसर में सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## मॉक ड्रिल में यह लोग रहे मौजूद.

मॉकड्रिल कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, प्रबंधक पेपर मशीन अरविंद कुमार त्यागी, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक मैकेनिकल एसपी मोहंती, उप प्रबंधक मैकेनिकल पिंटू कुमार, उप प्रबंधक देवेंद्र महोबे, सुनील कुलथे, विजेंद्र चौधरी गजानन यादव आदि मौजूद रहे।

3 दिसंबर को होगा समापन

जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का किया जा रहा है आयोजन

# औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह : एक दिवसीय प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल का आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



प्रशिक्षण में शामिल अफसर।

नेपानगर. केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा हैं। इसी के चलते यहां पर सुरक्षा को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में नेपा लिमिटेड के औद्योगिक संरक्षा और अग्नि व सुरक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अग्निशमन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेपा मिल अग्निशमन केंद्र प्रभारी उदेश नकुल,अग्नि और सुरक्षा विभाग के संतोष दुबे, विवेक वर्मा ने तकनीकी प्रशिक्षण देकर मिल कर्मचारियों को आग से बचाव की जानकारी दी गई। डेमो देकर फायर ऑफिसर विवेक वर्मा ने समझाया कि किस तरह आग पर नियंत्रण किया जा सकता है। मॉकड्रिल फायर टीम के जवानों ने लोगों को फायर सेफ्टी सिलेंडर का इस्तेमाल करना सिखाया गया। फायर सेफ्टी सिलेंडर न होने की स्थिति में पानी और बालू मिट्टी जैसी वस्तुओं का भी प्रयोग आग बुझाने के लिए किया जा सकता है।

प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी ने अग्नि रोधी यंत्रों के सही इस्तेमाल की विधि सिखाने के लिए औद्योगिक संरक्षा विभाग के सहायक प्रबंधक प्रशांत सोनी, अग्निशमन विभाग के प्रभारी उदेश नकुल की टीम की सराहना की। भोपाल गैस त्रासदी को किया याद जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि हर साल नेपा लिमिटेड में भोपाल गैस त्रासदी की स्मृति में औद्योगिक संरक्षा विभाग के तत्वावधान में औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। सप्ताह भर की गतिविधियों का 3 दिसंबर को समापन किया जाता है। इस वर्ष भी समापन सत्र में वर्ष 1984 में घटित विश्व की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी भोपाल गैस कांड में असमय काल के गाल में समाएं हजारों मृतकों को नेपा लिमिटेड परिवार द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

## स्पर्धाओं के विजेताओं को कल करेंगे सम्मानित

औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 3 नवंबर को सीएमडी राकेश कुमार चोखानी सम्मानित करेंगे। मॉकड्रिल कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, प्रबंधक पेपर मशीन अरविंद कुमार त्यागी, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक मैकेनिकल एसपी मोहंती, उप प्रबंधक मैकेनिकल, पिंटू कुमार, उप प्रबंधक देवेंद्र महोबे, उप प्रबंधक मैकेनिकल सुनील कुलथे, उप प्रबंधक मैकेनिकल विजेंद्र चौधरी, गजानन यादव, डीपी मिश्रा, जेपी शर्मा, अनीस मंसूरी मौजूद थे।



मॉकड्रिल करते कर्मचारी।

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 2 Dec 2024

# नेपा मिल में मॉक ड्रिल, आग पर काबू पाने की तकनीक बताई

**स्वदेश समाचार ■ नेपानगर**



केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा हैं। इसी के चलते यहां पर सुरक्षा को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में नेपा लिमिटेड के औद्योगिक संरक्षा और अग्नि व सुरक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अग्निशमन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नेपा मिल अग्निशमन केंद्र के प्रभारी उदेश नकुल, अग्नि और सुरक्षा विभाग के संतोष दुबे, विवेक वर्मा ने अग्निकांड की घटना होने पर उसे कैसे रोकना है इस विषय पर मिल के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। संवादात्मक शैली में वो तरीके बताए गए जिससे कि आग पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। तकनीकी प्रशिक्षण देकर मिल कर्मचारियों को आग से बचाव की जानकारी दी गई। डेमो देकर फायर ऑफिसर विवेक वर्मा ने दिखाया और समझाया कि आग लगने पर उन्हें क्या करना है। किस तरह आग पर नियंत्रण किया जा सकता है। साथ ही आग से बचाव के तरीके बताए गए। आग लगने पर किन वस्तुओं का उपयोग किया जा सकता है। इस बात की तकनीकी जानकारी दी गई। विस्तारपूर्वक समझाया गया कि आग लगने पर घबराना नहीं है। आग से बचाव के लिए की गई मॉकड्रिल फायर टीम के जवानों ने लोगों को फायर सेफ्टी सिलेंडर का इस्तेमाल करना सिखाया।

**मॉक ड्रिल में यह लोग रहे मौजूद-** मॉकड्रिल कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, प्रबंधक पेपर मशीन अरविंद कुमार त्यागी, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण सीएल वर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक मैकेनिकल एसपी मोहंती, उप प्रबंधक मैकेनिकल, पिंटू कुमार, उप प्रबंधक देवेंद्र महोबे, उप प्रबंधक मैकेनिकल सुनील कुलथे, उप प्रबंधक मैकेनिकल विजेंद्र चौधरी, गजानन यादव, डीपी मिश्रा, जेपी शर्मा, अनीस मंसूरी आदि मौजूद रहे।

दैनिक
प्रदेश स्वराज
मध्य-प्रदेश 04
बुरहानपुर, सोमवार, 02 दिसंबर 2024

## बाबा साहब की प्रतिमा स्थापना का वर्क ऑर्डर जारी



• प्रदेश स्वराज । बुरहानपुर

बुरहानपुर। बुरहानपुर के उपनगर लालबाग में सागर टॉवर के पास डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना में देरी के खिलाफ समाजजन ने 28 नवंबर को निगम का घेराव किया था। समाजजन ने आरोप लगाया था कि नगर निगम इस कार्य में विलंब कर रहा है। इसके बाद नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने आश्वासन दिया था कि शनिवार को मूर्ति का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार आयुक्त ने शनिवार शाम वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है। भीम आर्मी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दत्तु मेढे ने बताया कि ये कार्य काफी समय से प्रस्तावित था, लेकिन नगर निगम इसमें देरी कर रहा था। अब वर्क ऑर्डर जारी होने से कार्य शुरू हो सकेगा।

# नेपा लिमिटेड में औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह के दौरान अग्निशमन पर प्रशिक्षण सह मॉक ड्रिल का आयोजन

• प्रदेश स्वराज । डॉ. मनोज कुमार गोरे

बुरहानपुर। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में गत 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी के चलते यहां पर सुरक्षा को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में नेपा लिमिटेड के औद्योगिक संरक्षा और अग्नि एवं सुरक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अग्निशमन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेपा मिल अग्निशमन केंद्र के प्रभारी उदेश नकुल तथा अग्नि और सुरक्षा विभाग के संतोष दुबे और विवेक वर्मा ने अग्निकांड की घटना होने पर उसे कैसे रोकना है इस विषय पर मिल के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। संवादात्मक शैली में वो तरीके बताए गए जिससे कि आग पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। तकनीकी प्रशिक्षण देकर मिल कर्मचारियों को आग से बचाव की जानकारी दी गई। डेमो देकर फायर ऑफिसर विवेक वर्मा ने दिखाया और समझाया कि आग लगने पर उन्हें क्या करना है। किस तरह आग पर नियंत्रण किया जा सकता है। साथ ही आग से बचाव के तरीके बताए गए। आग लगने पर किन वस्तुओं का उपयोग किया जा सकता है। इस बात की तकनीकी जानकारी दी गई। विस्तारपूर्वक समझाया गया कि आग लगने पर घबराना नहीं है। आग से बचाव के लिए की गई मॉकड्रिल फायर टीम के जवानों ने लोगों को फायर सेफ्टी सिलेंडर का इस्तेमाल करना सिखाया। उन्हें डेमो देकर बताया किस तरह सिलेंडर को आग बुझाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। फायर सेफ्टी सिलेंडर न होने की स्थिति में पानी और बालू मिट्टी जैसी वस्तुओं का भी प्रयोग आग बुझाने के लिए किया जा सकता है। प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने अग्नि रोधी यंत्रों के सही इस्तेमाल करने की विधि सिखाने के लिए औद्योगिक संरक्षा विभाग के सहायक प्रबंधक प्रशांत सोनी तथा अग्निशमन विभाग के प्रभारी उदेश नकुल की टीम का अभिनंदन किया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि प्रतिवर्ष नेपा लिमिटेड में भोपाल गैस त्रासदी की स्मृति में औद्योगिक संरक्षा विभाग के तत्वावधान में औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है और सप्ताह भर की गतिविधियों का 3 दिसंबर को समापन किया जाता है। इस वर्ष भी समापन सत्र में वर्ष 1984 में घटित विश्व की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी भोपाल गैस कांड में असमय काल के गाल में समाए हजारों मृतकों को नेपा लिमिटेड परिवार द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसी दिन औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मिल परिसर में सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

